
डॉ राधाकृष्णन कॉलेज ऑफ एजुकेशन
जबलपुर
स्वच्छता सप्ताह (२२-२८ फरवरी २०२२)
वाद-विवाद प्रतियोगिता
"स्वच्छ भारत अभियान"
दिनांक : 23/2/2022


डॉ राधाकृष्णन कॉलेज ऑफ एजुकेशन
जबलपुर
स्वच्छता सप्ताह (२२-२८ फरवरी २०२२)
प्रतियोगिता
भारत अभियान
3/2/2022
safari

## प्रतिभागियों के नाम ⇒

1. कृषिका जैन
2. अपर्णा नामदेव
3. मानसी राठौर
4. पूजा श्रीवास्तव
5. आयुषी अग्रवाल
6. नबीला कुकरेजा
7. नंदिनी पटेल
8. प्रवीणा
9. लक्ष्मी शुक्ला
10. लक्ष्मी पटेल
11. अंजलि मिश्रा
12. कृति सिंग
13. कृति ओझा
14. मुला कुशवाहा
15. कविता सोनी
16. दिव्या लोधी
17. दीक्षा पटेल
18. आंचल प्रसाद
19. प्रीति मिश्रा
20. चांदनी मेहरा
21. रोशनी
22. धारणा कश्यप
23. सरिता मार्को

## विजेताओं के नाम ⇒

मानसी राठौर — प्रथम स्थान
अपर्णा नामदेव — द्वितीय स्थान
कृषिका जैन — तृतीय स्थान

# डॉ. राधाकृष्णन कॉलेज ऑफ एजुकेशन
## स्वच्छता सप्ताह (21-26) फरवरी
## विषय: "जिला स्तरीय स्वच्छता जन जागरुकता एवं प्रतिपुष्टि अभियान"

दिनांक: 24/2/2022

डॉ. राधाकृष्णन कॉलेज ऑफ एजुकेशन के द्वारा स्वच्छता सप्ताह के अंतर्गत आज दिनांक 24/2/22 को सम्पादित की जाने वाली गतिविधियों के अंतर्गत "जिला स्तरीय स्वच्छता जन जागरुकता एवं प्रतिपुष्टि अभियान चलाया गया।

इस कार्यक्रम का प्रारम्भ महाविद्यालय से प्रातः 11:00 बजे से किया गया। जिसमें महाविद्यालय के समस्त शिक्षकगण एवं विद्यार्थी सम्मिलित थे।

स्वच्छता अभियान से संबंधित प्रतिपुष्टि प्राप्त करने का स्थान करमेता को ग्रामीण क्षेत्र का चयन किया गया जिसमें हम सभी शिक्षक एवं विद्यार्थी अलग ग्रुप में बँटकर स्वच्छता से संबंधित बातें एवं मोहल्लों में जाकर फीडबैक प्राप्त किया।

इस फीडबैक फार्म में दो वर्ग थे - एक वर्ग वृद्धजन द्वारा वर्ग - युवा वर्ग।

सर्वप्रथम मानसी राठौर ने देवी प्रसाद ठाकुर के घर जाकर अपना परिचय दिया और उनसे स्वच्छ जागरूकता अभियान से संबंधित प्रश्न किये। प्रश्नों के उत्तर से प्रतीत हो रहा था कि स्वच्छता की एक कदम की ओर हम सबने अपना कदम बढ़ा दिया है।

बापू जी का सपना था कि स्वच्छ भारत सुन्दर भारत। इस सपने को साकार करने का बीड़ा हमारे माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के द्वारा स्वच्छता की ओर एक कदम का दृढ़ संकल्प लिया है। आज समय आ गया है हम इस अभियान से जुड़कर इसको कारगर बनायें।

कोरिडोर: 24/12/2023

स्वच्छता ग्रीन बैंक के दोनों से मिलकर स्वच्छता से संबंधित जानकारी प्राप्त की गई एवं सूखा कचरा एवं गीला कचरा के खाद प्रक्रिया को भी बताया गया कि आप किचन के गीले कचरे को जैसे - फल, सब्जियों के छिलके, कॉफी या चायपत्ती जैसे किचन के कचरे को एकत्रित करके या किसी बाल्टी, ड्रम, मिट्टी का गमला आदि में डालें। सूखा कचरा में सूखी पत्तियाँ, नारियल के छिलके जैसे सूखे कचरे को इकट्ठा करके गीले कचरे में मिलायें। यह नमी को कंट्रोल करता है, आदि जैविक तरीके से डीकम्पोज होते हैं

# जिला स्तरीय स्वच्छता जन जागरूकता एवं प्रतिपुष्टि अभियान





Dr. Radhakrishnan College of Education



"करमेता ग्राम में फीड बैंक एकत्रित करते हुए बी. एड. प्रशिक्षणार्थी"


डॉ. राधाकृष्णन कॉलेज



तब खाद बनती है। और बताया कि यह प्रक्रिया हमें अपने घरों में प्रारम्भ करनी चाहिए। जिससे हम पर्यावरण को स्वच्छ रख सके। सभी शिक्षक एवं विद्यार्थियों के द्वारा अपने आसपास के समुदाय के लोगों से भी फीडबैक प्राप्त किया गया। उनसे स्वच्छता से संबंधित प्रश्न किये गये। जिसमें दो वर्गों

**पहला वर्ग** का प्रश्न-स्वच्छता से संबंधित प्रश्न - (वृद्धजन वर्ग)

(1) क्या आप अपने शहर को पहले से ज्यादा - साफ सुथरा पाते है - (हाँ)

(2) क्या आप नगर निगम द्वारा प्रदान की जाने वाली डोर-टू डोर कचरा संग्रहण सेवाओं से संतुष्ट हैं। - (जी हाँ)

**दूसरा वर्ग ⇒ युवा वर्ग** से भी स्वच्छता से संबंधित प्रश्न किया गया - युवा वर्ग - (15-29)

(1) क्या आपके घर से प्रतिदिन कचरा एकत्र किया जाता है ?. (हाँ)

(2) क्या क्या आप अपने कचरा संग्रहकर्ता को अलग-अलग कचरा (गीला और सूखा) देते है ?. (नहीं) एक साथ देते हैं।

(3) क्या आप अपने आस-पडोस के क्षेत्र को हमेशा साफ-सुथरा पाते हैं ?. (हाँ) पहले की अपेक्षा अभी साफ पाते हैं।

स्वच्छता जागरूकता अभियान के अंतर्गत दोनों वर्गों से मिलकर स्वच्छता संबंधी फीडबैक प्राप्त किया और होम कंपोस्ट की जानकारी भी प्रदान की गई। इस गतिविधि को सफल बनाने का श्रेय महाविद्यालय के शिक्षकगण एवं विद्यार्थियों

एवं समुदाय के नागरिकों का महत्वपूर्ण योगदान था।

## वृद्धाजन से प्राप्त फीडबैक / युवा वर्ग से प्राप्त फीडबैक (करमेता)

1. देवी प्रसाद ठाकुर
2. सोना लाल - 60 वर्ष
3. श्रीमति लक्ष्मी रैदास - 37 वर्ष
4. हरि शंकर चौधरी - 42 वर्ष
5. डॉ. रोशनी गुप्ता - 24 वर्ष
6. अनीता चौधरी - 42 वर्ष
7. बिन्द्रवती - 63 वर्ष
8. अंजू सोनी - 25 वर्ष
9. प्यारी बाई जैन - 68 वर्ष
10. कविता राठौर - 22 वर्ष
11. अंजना जैन - 60 वर्ष
12. अमर खान - 58 वर्ष
13. आशीष चौहान - 65 वर्ष
14. अमीर राठौर - 21 वर्ष
15. अलका राजपूत - 60 वर्ष
16. राहुल शर्मा - 26 वर्ष
17. मधु चौधरी - 62 वर्ष
18. मीना डोंगरी - 25 वर्ष






जिला स्तरीय स्वच्छता जन जागरुकता
अभियान एवं फीड बैंक अभियान

डॉ. राधाकृष्णन कॉलेज ऑफ एजुकेशन

दिनांक: 25/02/2022

समय 1:30 बजे

सम्पादित गतिविधि जिला स्तरीय स्वच्छता जन जागरूकता अभियान एवं फीड बैक अभियान

"स्वच्छता संबंधी शपथ पत्र"




# स्वच्छता संबंधी शपथ पत्र

# संत अलॉयसियस इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी गौर, महाविद्यालय में जिला स्तरीय प्रश्नमंच प्रतियोगिता



**जबलपुर, (ली-टाइम्स)**

मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अनुक्रम में जिला स्तरीय प्रश्नमंच प्रतियोगिता का आयोजन संत अलॉयसियस इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी गौर, महाविद्यालय मे किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं स्वागत गीत के साथ किया गया। इसके उपरांत श्री प्रमोद श्रीवास्तव (जिला स्तरीय कार्यक्रम समन्वयक) एवं निर्णायक दल डॉ. एम. के. रिछारिया, श्री विशाल सिंह ठाकुरिया एवं डॉ. जे. के. यादव जी का सम्मान किया गया। कार्यक्रम मे समस्त महाविद्यालय से आए प्राध्यापकगण का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम के प्रथम चरण मे कार्यक्रम समन्वयक श्री प्रमोद श्रीवास्तव जी द्वारा प्रश्नमंच प्रतियोगिता के सभी नियमो को समझाया गया एवं निर्णायक दल की अनुमति से कार्य प्रारम्भ किया गया। कार्यक्रम की इसी कड़ी मे महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. रेनू पांडेय द्वारा स्वागत भाषण प्रस्तुत किया गया तत्पश्चात संस्था के संरक्षक डॉ. फादर डेविस जॉर्ज एवं मुख्यअतिथि श्री नमः शिवाय अरजरिया (अपर कलेक्टर , जबलपुर ) जी द्वारा विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किये गए साथ ही महाविद्यालय कैलेंडर भी रिलीज़ किया गया। कार्यक्रम के अगले चरण में डॉ. फादर डेविस जॉर्ज द्वारा अपना वक्तव्य प्रस्तुत किया गया, उन्होंने अपने वक्तव्य के माध्यम से विद्यार्थियों से अपने मत का उचित प्रयोग करने की अपील करते हुए राष्ट्र कल्याण के मार्ग में अग्रसर होने हेतु प्रेरित भी किया। इसके उपरान्त मुख्य अतिथि श्री नमः शिवाय अरजरिया जी द्वारा विद्यार्थियों को अभिप्रेरित किया गया। प्रश्नमंच प्रतियोगिता में विभिन्न महाविद्यालय से आय छात्र-छात्राओं ने बढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम समन्वयक के मार्गदर्शन में डॉ. रश्मि चौबे एवं दिशा रामटेक द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण की सहभागिता रही। धन्यवाद प्रस्ताव डॉ. रश्मि चौबे द्वारा प्रस्तुत कर कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन किया गया।

प्रथम स्थान ग्रुप 3 (सुप्रिया-संत अलॉयसियस महाविद्यालय,पूनम - सी. पी. महिला महाविद्यालय ,शिवांश - महाराष्ट्र महाविद्यालय) को मिला, द्वितीय स्थान ग्रुप 9(मिस्बाह अंसारी-नवयुग कॉलेज, सरिता चौधरी - डॉ. राधा कृष्णन कॉलेज) को मिला अथवा ग्रुप 11 (आयुष शिंदे - जबलपुर इंजीनियरिंग महाविद्यालय, जीतेन्द्र कुमार - एन. ई. एस. महाविद्यालय) को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

# पर्यावरण संरक्षण की ली शपथ





# आज समाज

आज समाज
अंबाला, बुधवार, 27 अक्टूबर 2021

## दिव्यांगों के लिए नई उम्मीदें लाया '62 एबल्स' प्रोजेक्ट



चंडीगढ़। गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, धनास में मिड टर्म परीक्षा खत्म होने के बाद मंगलवार को स्कूल की 63 दिव्यांग छात्राओं के लिए अलग तरह का खुशनुमा माहौल था। देव समाज कॉलेज आफ एजुकेशन, सेक्टर-36 की 31 स्टूडेंट्स, जो कि निकट भविष्य में टीचर बनेंगी, ने इन दिव्यांग छात्राओं के साथ बातचीत की। शहर की स्वयंसेवी संस्था युवसत्ता के संस्थापक प्रमोद शर्मा ने बताया कि मंगलवार को देव समाज कॉलेज की स्टूडेंट्स के साथ धनास के स्कूल की दिव्यांग छात्राओं की इंटरेक्शन '62 एबल्स' प्रोजेक्ट का हिस्सा है जो कि जीएमएसएसएस, धनास, देव समाज कॉलेज ऑफ एजुकेशन, युवसत्ता और आरती-भोपाल की ओर से संयुक्त तौर पर प्लान किया गया है। इस उद्देश्य लक्षित दिव्यांग स्टूडेंट्स को सशक्त बनाना है ताकि वे अपनी वास्तविक क्षमता को पहचान कर सकें। यह इंटरेक्शन अब नियमित तौर पर होगी। पहले इस प्रोजेक्ट को '49 एबल्स' का नाम दिया गया था। लेकिन अब स्कूल में नए दाखिले होने के कारण इसका विस्तार कर जीएमएसएसएस, धनास के 62 दिव्यांग स्टूडेंट्स के लिए किया गया है।

**NEWSPAPER CLIPPINGS**